11/01/2026

आकाशवाणी ईटानगर

आगामी केंद्रीय बजट दो हजार छब्बीस - सत्ताईस के मद्देनजर नई दिल्ली में प्रदेश के उप मुख्यमंत्री चाउना मेन ने बजट पूर्व परामर्श बैठक में सम्मलित हुए। बैठक में वित्त एवं कॉर्पोरेट मामलों कें केंद्रीय मंत्री निर्मला सीतारामण की अध्यक्षता और केंद्रीय राज्य वित्त मंत्री पंकज चौधरी की सह अध्यक्षता में हुई। परामर्श बैठक के दौरान अरुणाचल प्रदेश के उप मुख्यमंत्री चाउना मेन ने कहा कि हाल के कुछ वर्षों में प्रदेश में लंबे समय से विकासात्मक बाधाओं और लंबीं दूरी के बावजूद, प्रगति को देखा जा रहा है और समय पर प्रतिबद्ध देनदारियों को पूरा करते हुए प्रदेश की राजकोषिय जिम्मेदारियों और बजट प्रबंधन अधिनियम दो हजार छह के तहत लगातार वित्तीय अनुशासन बनाए रखे हुए है। उन्होंने केंद्रीय सरकार के समक्ष प्रदेश के चयनित आधारभूत संरचना की प्राथमिकता को रखा। श्री मेन ने बाहर से प्राप्त सहायता परियोजनाओं पर सीमित पहुंच पर भी ध्यान खींचा और केंद्र सरकार से लगातार समर्थन की जरुरत पर भी बल दिया। प्रदेश की समावेशी और सतत विकास में तेजी लाने के लिए उन्होंने वित्तीय अनुशासन और केंद्र सरकार के साथ रचनात्मक जुड़ाव को बनाए रखने के राज्य सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराया।

0000000000000000000000000

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल के टी परनायक ने राज्यवासियों खासकर ईस्ट कामेंग जिले के रुसो समुदाय को सारोक त्योहार के अवसर पर शुभकामनाएं दी।

अपने संदेश में राज्यपाल ने कहा कि सारोक त्योहार रुसो (अका) जनजाती के समुद्ध सांस्कृतिक विरासत, परंपरा से गहरा जुड़ाव, आस्था और प्रकृति के साथ सामंजस्य की जीवंत अभिव्यक्ति है। उन्होंने आशा जताई कि यह आनंदमय उत्सव समाज और समुदाय में शांति और समृद्धि की आशीष लाएंगे।

00000000000000000000

प्रदेश में व्यापक शोध के जरिए जैव विविधता की रिकोर्ड में Leptobrachium somani और leptobrachium mechuka नामक दो और मेंढको की प्रजातियों को शामिल किया गया है। वर्षो के समर्पित फिल्ड रिसर्च और उन्नत वैज्ञानिक विश्लेषण के बाद हुई पहचान ने राज्य के समृद्ध विविधता और विकसीत हो रहीं जैव विविधता के बारे में प्रमुखता से दशर्ता है और प्रदेश के वन और नदियों के पारिस्थितिकी तंत्र की महत्व का पुन: पुष्टि करता है।

000000000000000000

राजधानी ईटानगर में हाल ही में सहभागिता मिशन के तहत आर्द्रभूमि संरक्षण पर दो दिवसीय क्षेत्रीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में आठ पूर्वोत्तर राज्यों के अधिकारियों ने भाग लिया। इस कार्यशाला में वेटलैंड के सतत उपयोग और क्षेत्रीय सहयोग पर ध्यान केंद्रित किया गया।

0000000000000000000000000

स्वामी विवेकानंद के जयंती को पूरे विश्व में विगत पच्चीस दिसबंर से बारह जनवरी तक समर्थ भारत पर्व और राष्ट्रीय युवा दिवस के रुप में मनाया जा रहा है। इसके मद्देनजर कल दापोरिजो टाउनशिप में भी मास रैली निकाली गई।

इस दौरान ड्रग्स पर स्कूली प्राधिकारी ने कार्यक्रम का आयोजन किया। VKV कुपोरिजो स्कूल के तात्वाधान में रैली में कई स्कूलों ने भाग लिया।

0000000000000000000000

मेचुका के उच्च माध्यमिक विद्‌यालय के छात्रों ने राष्ट्रीय एकीकरण टूर के तहत नई दिल्ली का भ्रमण करते हुए लाल किला, इंडिया गेट, नेशनल वॉर मेमोरियल, संसद भवन जैसी महत्वपूर्ण ऐतिहासिक जगहों का भ्रमण किया। राष्ट्रीय महत्व वाली यह प्रमुख स्थल सिर्फ ऐतिहासिक और आधुनिक चमत्कार ही नही है बल्कि भारत के एकता, बलिदान और राष्ट्रीय गौरव की शक्तिशाली प्रतीक हैं। मेचुका के छात्र राष्ट्रीय एकीकरण टूर पर पांच जनवरी से सोलह जनवरी तक भ्रमण पर होंगे।

00000000000000000000

राजधानी ईटानगर के दोरजी खांडू कन्वेंशन सेंटर में आगामी सोलह से पच्चीस जनवरी तक अरुणाचल सरस मेला दो हजार छब्बीस का आयोजन किया जाएगा। मेले में ग्रामीण शिल्प, हथकरघा, महिला उद्‌यमियों को समर्थन के साथ K-पॉप फेस्ट, कॉसप्ले और डांस बैटल जैसे रोमांचक कार्यक्रम सहित ग्रामीण सशक्तिकरण और स्थानीय प्रतिभा पर ध्यान केंद्रीत किया जाएगा।

000000000000000000000

पापुम पोमा जिले के बालिजान स्थित जनरल ग्राउंड में शनिवार को पापुम पोमा वेटरन फुटबॉल प्रतियोगिता में तीसरा संस्करण का शुभारंभ किया गया। आरंभिक खेल दूसरी बार डिफेंडिंग चैंपियन तुबुंग FC और लेंका पंचायत FC के बीच खेला गया।

एक - एक गोल के साथ मैच ड्रॉ रहा। मेच में लेंका पंचायत FC के बोरिया माइकल को मैच में उसके उत्कृष्ट गोलकीपिंग के लिए मैन ऑफ द मैच घोषित की गई। इस प्रतियोगिता की तीसरी संस्करण में पापुम पारे जिले के विभिन्न अंचलों से तेरह टीमें हिस्सा ले रही हैं।

0000000000000000000000

परीक्षा पे चर्चा 2026 ने एक नया पार्टिसिपेशन रिकॉर्ड बनाया है, जिसमें अब तक 4 करोड़ से ज़्यादा रजिस्ट्रेशन हुए हैं, जो पिछले साल के तीन दशमलव छप्पन करोड़ के गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड को पार कर गया है। स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग द्वारा हर साल आयोजित होने वाले इस इवेंट में पार्टिसिपेंट्स सीधे प्रधानमंत्री से मिलकर पढ़ाई के दबाव, मानसिक सेहत और पर्सनल डेवलपमेंट जैसे विषयों पर बातचीत करते हैं। रजिस्ट्रेशन 1 दिसंबर, 2025 को MyGov पोर्टल के ज़रिए शुरू हुए थे और इसमें देश भर के स्टूडेंट्स, माता-पिता और टीचर्स शामिल हैं। 00000000000

संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने इंडिया पोस्ट की दो नई सेवाओं, स्पीड पोस्ट चौबीस और स्पीड पोस्ट अड़तालीस की घोषणा की, जो चौबीस और अड़तालीस घंटे के अंदर डिलीवरी सुनिश्चित करेंगी।

00000000000000000000

सत्ताईस भारतीय नागरिक जिन्हें नौकरी के झूठे वादे करके म्यांमार ले जाया गया था, लेकिन वहाँ उनसे साइबर स्कैम ऑपरेशन में गैर-कानूनी तरीके से काम करवाया जा रहा था, उन्हें सुरक्षित बचा लिया गया है और भारत वापस लाया गया है। बचाए गए नागरिक दिल्ली पहुंचे।